View this email in your browser


शिक्षा संस्कार ॐ सहभागिता समरसता

# बांसवाड़ा परियोजना

कार्यालय -भारत माता मन्दिर, राती तलाई, बांसवाड़ा (राज.) 327001
फेक्स : 02962-240018, फोन नं. 02962-240018, मो. नं. 9414101912, 9414102261
Email : bharatmatamandirnyas@gmail.com ♦ Website : www.banswarapariyojana.com
माह - दिसम्बर, 2018 (मार्गशीर्ष - पोष) युगाब्द-5120-5121 वि.सं.-2075-2076 अंक - 4


## धर्म सभा एवं भजनमंडली सम्मेलन

बांसवाड़ा परियोजना द्वारा जनजाति समाज में परम्परागत रूप से चलने वाली भजनमंडली का सामूहिक भजनमंडली सम्मेलन वर्ष 1993 से प्रतिवर्ष 6 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है, परन्तु इस वर्ष राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने के कारण आचारसंहिता का उल्लंघन न हो इसलिए इस वर्ष भजन मंडली सम्मेलन गीता जयंती 18 दिसंबर 2018 को आयोजित किया गया आगामी वर्ष से भजनमंडली सम्मेलन गीता जयंती पर ही होगा।

सांयकाल 6:00 बजे से भजनमंडली प्रमुखों एवं भगतों के आने के साथ ही भोजन (मीठा दलिया व् नमकीन चावल ) का क्रम शुरू हो जाता है , भोजन के पश्चात् सभी लोग धर्मसभा में सम्मिलित होते जाते हैं। रात्रि 8:00 बजे से प्रारम्भ हुयी धर्म सभा में में दक्षिणी राजस्थान , सीमावर्ती मध्य प्रदेश एवं गुजरात से आये 5000 से अधिक भगत लोगों की उपस्थिति में साधू संतों ने सामाजिक जीवन मूल्यों के संवर्धन हेतु कई प्रस्ताव लिए , इसके साथ ही धर्म सभा के इस मंच से साधू संतों ने अयोध्या में शीघ्र ही राम मंदिर निर्माण करने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अपने अपने क्षेत्र के सांसद के माध्यम से भारत सरकार को ज्ञापन देने का और समाज को जाग्रत करने का संकल्प लिया। धर्म सभा में स्थानीय 100 से अधिक साधू संतों के साथ ही विश्व हिन्दू परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री आलोक कुमार जी , क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्रीमान गोपालजी एवं श्री रामस्वरूप जी महाराज की विशेष उपस्थिति रही। धर्म सभा में बांसवाड़ा परियोजना

,आदि कई सुन्दर प्रस्तुतियां दी गयी। धर्म सभा समपन्न होने के पश्चात रात्रि 11:00 बजे से 243 भजन मंडलियों ने अपने अपने लये पूर्व निर्धारित स्थान पर (टेंटों में ) जाकर परंपरागत वाध्ययंत्रों ढोलक ,हारमोनियम , एकतारा , तबला , कुण्डी और मंजीरे के साथ उल्लासपूर्वक प्रातः 5:00 बजे तक स्थानीय भाषा में भजन मंडली सम्मेलन संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की भांति ही इस वर्षा भी सभी भगतों के भोजन, चाय इत्यादि अन्य सभी व्यवस्थाएं बांसवाड़ा नगर के बंधुओं द्वारा की गयी।




सम्मेलन को सम्बोधित करते विश्व हिन्दू परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष
श्री आलोक कुमार जी




सम्मेलन में प्रस्तुति देते ग्रामीण बालक एवं बालिकाएं



## सम्मेलन में उपस्थित ग्रामीण जन



## प्रसादी बनाते हुए ग्रामीण जन



## अयोध्या में राम मंदिर हेतु यज्ञ एवं अनुष्ठान

**भगवान् राम की जन्मभूमि अयोध्या में शीघ्र ही भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रारम्भ हो इस हेतु 18 से 25 दिसंबर 2018 तक संपूर्ण भारत में मंदिरों में यज्ञ अनुष्ठान आयोजित किये गए , बांसवाड़ा जिले के जनजाति बाहुल्य गांव घोड़ी तेजपुर के राम मंदिर में भी दिनांक 18 दिसंबर को सामूहिक यज्ञ का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर उपस्थिति रहे विश्व हिन्दू परिषद् के अंतर राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री आलोक कुमार जी ने यज्ञ अनुष्ठान के आयोजन तीन गाँवों के 800 से भी अधिक ग्राम वासियों को अयोध्या में भगवन श्री राम मंदिर के निर्माण में आ रही अड़चनों के बारे में बताते हुए अभी तक एवं विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा किये गए प्रयासों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद् के क्षेत्रीय सगठन मंत्री श्री गोपाल जी व बांसवाड़ा परियोजना प्रमुख श्री रामस्वरूप जी रहे।**
**यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम के संपन्न होने के पश्चात् मान. आलोकजी एवं मान. गोपालजी द्वारा घोड़ी तेजपुर गाँव में ही चल रहे उच्च माध्यमिक समिति के बंधुओं साथ बातचीत की गयी और इसके बाद प्राथमिक विद्यालय कुंडापाड़ा एवं माध्यमिक विद्यालय पृथ्वीपुरा का अवलोकन किया गया।**



**जनजातीय बंधुओं को सम्बोधित करते विश्व हिन्दू परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री आलोक कुमार जी**



घोड़ी तेजपुर में जनजातीय बंधू ,अध्यक्षीय उद्बोधन सुनते हुए

## कार्यकर्ता सम्मेलन

बांसवाड़ा परियोजना द्वारा राजस्थान के जनजाति बाहुल्य जिले बांसवाड़ा , डूंगरपुर , प्रतापगढ़ , उदयपुर , एवं झालावाड़ में संचालित सभी विद्यालयों के आचार्यों , छात्रावासों के प्रमुख, व् सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं का वर्ष में एक बार होने वाला एक दिवसीय सम्मेलन इस बार 19 दिसंबर 2018 को संपन्न हुआ।
विश्व हिन्दू परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री आलोक कुमार जी , क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्रीमान गोपाल जी ने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया गया। प्रारम्भ में बांसवाड़ा परियोजना के मंत्री श्री सुरेश जी उपाध्याय ने जनजाति समाज के मध्य इसे पादरियों द्वारा किये जा रहे धर्मान्तरण व् नक्सलवादियों द्वारा पैदा की जा रही वर्ग संघर्ष की स्थिति के उन्मूलन के उद्देश्य को लेकर प्रारम्भ की गयी बांसवाड़ा परियोजना के कार्यों के कारण क्षेत्र में आये बदलाव और संपूर्ण समाज विशेष कर जनजाति समाज में अपने कार्यों के प्रति पैदा हुए विश्वास व अपनत्व के बारे में अवगत कराने के साथ ही लक्ष्य प्राप्ति हेतु क्षेत्र में और अधिक कार्य विस्तार करने के लिए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया।
सम्मेलन में उपस्थित 653 कार्यकर्ताओं का परिचय एवं बांसवाड़ा परियोजना द्वारा संचालित कार्यों का वृत्त क्षेत्र के अनुसार किया गया। सम्मेलन में मान. आलोक जी का देश व समाज की वर्त्तमान स्थिति के सम्बन्ध में और राम मंदिर निर्माण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में खड़ी बताया की जा रही अड़चनों के बारे में और मंदिर निर्माण हेतु अभी तक हुए प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया , इन्ही विषयों से संबंधित कार्यकर्ताओं की शंकाओं का समाधान भी श्री आलोक जी द्वारा दिया गया।

Subscribe | Past Issues | Translate



कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित जन

*Copyright © *|2018|* *|BANSWARA PARIYOJANA|*, All rights reserved.*

**Our mailing address is:**
*|bharatmatamandirnyas@gmail.com|*

Want to change how you receive these emails?
You can update your preferences or unsubscribe from this list.

This email was sent to <<Email Address>>
*why did I get this?* unsubscribe from this list update subscription preferences
Bharat mata mandir · Bharat mata mandir · rati talai · Delhi, 110009 · India

INTUIT mailchimp